## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर जिला भीलवाडा
**पीठासीन अधिकारी– विकास पंचोली (आर.ए.एस.)**

प्रकरण संख्या :– 92/2018 (2018/00476) प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल0आर0एक्ट

**अनवान**

1. राधेश्याम पिता लालुराम महाजन निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।

––प्रार्थी

**बनाम**

1. हीरा पिता सवाईराम खटीक, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा। (डिलीट)
2. मगना पिता सवाईराम खटीक, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।(डिलीट)
3. भंवरलाल पिता लालुराम महाजन, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।
4. प्रभुलाल पिता सावईराम खटीक, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।(डिलीट)
5. हीरा पिता सवाईराम खटीक, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।
6. ओमप्रकाश पिता रामसहाय महाजन, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।
7. सुरेशचन्द्र पिता रामसहाय महाजन, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।
8. रामसहाय पिता रामप्रताप सोडानी, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।
9. शंकर पिता बंशी पंवार, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।
10. श्रीमती विमला पत्नि दामोदर दमामी, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।
11. गोपाल पिता दामोदर दमामी, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।
12. रामकिशन पिता रामरतन महाजन, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा। (डिलीट)
13. रामदयाल पिता धुलीराम महाजन, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।(डिलीट)
14. उत्तमराम पिता नानुराम महाजन, निवासी महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।(डिलीट)

––विपक्षीगण

:: <u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956</u> ::

निर्णय दिनांकः– 23/12/2019

**:: आदेश ::**

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के तहत विपक्षी के विरूद्व प्रस्तुत कर ग्राम महेन्द्रगढ़ पटवार हल्का महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा के बैरून हल्का आबादी मे प्रार्थी के खातेदारी अधिकार एवं कब्जे काश्त की आराजी संख्या 2229 रकबा 0.22हे0 भूमि खाता संख्या 512 पर स्थित है, इसी प्रकार आराजी संख्या 2328 रकबा 0.35हे0, 2329 रकबा 0.31हे0, 2351 रकबा 0.42हे0 भूमि कुल किता 3 कुल रकबा 1.08हे0 भूमि खाता संख्या 550 पर स्थित है एवं इसी प्रकार आराजी संख्या 2346/2 रकबा 0.18हे0, 2347/2 रकबा 0.52हे0 कुल किता 02 कुल रकबा 0.70हे0 भूमि अन्य आराजियात के साथ राजस्व खाता संख्या 513 पर स्थित हैं। भूमि प्रार्थी के खातेदारी अधिकार की है जिसकी जमाबन्दी सम्वत् 2070 से 2073 संलग्न हैं। प्रार्थी द्वारा उक्त भूमि सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढी किये जाने की इस्तदुआ की।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। विपक्षीगण को विधिवत सूचना पत्र जारी किया जाकर सूचित किया गया। विपक्षीसंख्या 03, 5 लगायत 11 बावजूद सूचना के अनुपस्थित, अतः एकपक्षीय कार्यवाही के आदेश दिये गये। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा विपक्षी संख्या 1, 2, 4, 12 लगायत 14 की मृत्यु हो जाने से उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नही चाहा कर उनके नाम डिलिट किये गये। प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी को सुना गया।

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर जिला भीलवाड़ा

लगातार

Scanned by CamScanner

प्रकरण संख्या :– 92/2018
प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल0आर0एक्ट

बाद सुनवाई मैने प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर गहन मनन किया। प्रार्थना पत्र के अवलोकन व गहन मनन के प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल0आर0एक्ट को स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल.आर.एक्ट स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम ग्राम महेन्द्रगढ़ पटवार हल्का महेन्द्रगढ़ तहसील सहाड़ा के बैरून हल्का आबादी मे प्रार्थी के खातेदारी अधिकार एवं कब्जे काश्त की आराजी संख्या 2229 रकबा 0.22हे0, 2328 रकबा 0.35हे0, 2329 रकबा 0.31हे0, 2351 रकबा 0.42हे0, 2346/2 रकबा 0.18हे0, 2347/2 रकबा 0.52हे0 भूमि स्थित है। भूमियों का बसामलात पक्षकारान के पत्थरगढ़ी की जाने के आदेश किये जाते हैं, **उक्त भूमि में दोनों पक्षों की उपस्थिति में किसी को बिना बेदखली एवं बिना किसी के कब्जे काश्त में दखलान्दाजी किये पत्थरगढ़ी की जावें। यदि पत्थरगढी के उपरान्त किसी का प्रतिकूल कब्जा पाया जाता हैं तो धारा 183 आर.टी.ए. के तहत वाद पेश करने के लिए पाबंद किया जावें।** प्रार्थी बतौर पत्थरगढी शुल्क राशि 450/– (चार सौ पच्चास रूपये मात्र) राजकोष में जमा करावें तथा पत्थरगढी की कमिश्नर फीस राशि राशि 450/– (चार सौ पच्चास रूपये मात्र) सम्बन्धित भु–अभिलेख निरीक्षक को मौके पर प्रार्थी अदा करें। पालनार्थ तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर को तहरीर जारी हो।

**निर्णय आज दिनांक 23/12/2019 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।**

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर(भीलवाड़ा)

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2019.12.23 16:19:59 IST
Reason: SelfAttested
Location: